दिन–मंगलवार दिनांक– 30/09/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

निर्वाचन आयोग राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी करने के बाद आज अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन करेगा। इसी सूची के आधार पर विधानसभा चुनाव कराए जायेंगे। आयोग ने कहा है कि जिला मुख्यालय के साथ–साथ विधानसभा क्षेत्र के स्तर पर भी मतदाता सूची उपलब्ध होगी। साथ ही मतदाता सूची आयोग की बेवसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। इससे पहले, आयोग ने पहली अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची जारी की थी। आयोग ने कहा कि बिहार के बाद मतदाता सूचियों को संशोधित करने के लिए विशेष अभियान पूरे देश में आयोजित किया जाएगा।

———————————————————————————

बिहार विधान परिषद की रिक्त होने वाली आठ सीटों के चुनाव के लिए मतदाता सूची बनाने का काम आज से शुरू हो गया है। इसके साथ ही मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए योग्य मतदाताओं से आवेदन स्वीकार किये जा रहे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि छह नवम्बर निर्धारित है। जिन सीटों के लिए चुनाव होना है, उनमें पटना, दरभंगा, तिरहुत और कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र तथा पटना, दरभंगा, तिरहुत और सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं।

———————————————————————————

भोजपुरी सिने स्टार पवन सिंह ने आज नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की। भाजपा में पवन सिंह की वापसी की चर्चा के बीच यह मुलाकात काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इससे पहले पवन सिंह ने रालोमों प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा से भी मुलाकात की। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार प्रभारी विनोद तावड़े भी मौजूद थे। गौरतलब है कि दो हजार चौबीस के लोकसभा चुनाव में पवन सिंह ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में काराकाट से चुनाव लड़ा था। इस सीट पर महागठबंधन के प्रत्याशी को जीत मिली थी।

———————————————————————————

शारदीय नवरात्र के नौवें दिन आज देवी दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा–अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि देवी के महागौरी स्वरूप की आराधना से भक्तों को सुख–सौभाग्य की प्राप्ति होती है तथा उनकी सभी मनाकोमनाएं पूर्ण होती हैं। माँ का यह स्वरूप अभय, रूप और सौंदर्य प्रदान करने वाला होता है। महाअष्ठमी के अवसर पर पटना स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी मंदिर सहित प्रदेशभर के शक्तिपीठों और मंदिरों में पूजा–अर्चना के लिये सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। खोइंछा भरने के लिए भी महिलाएं बड़ी संख्या में पहुंच रहीं हैं। आज के दिन कन्या पूजन का भी विशेष महत्व है। इधर, हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि देश–दुनिया के प्रमुख स्थलों की प्रतिकृति के रूप में अलग–अलग हिस्सों में पूजा पंडाल बनाए गए हैं। इसके साथ ही पंडालों के आस–पास आकर्षक साज–सज्जा की गई है।

पटना के डाकबंगला चौराहे पर तंजौर के वृहदीश्वर मंदिर, एतवारपुर में अयोध्या के राम मंदिर, संपतचक में मथुरा के प्रेम मंदिर, कदमकुंआ में देवघर के बैद्यनाथधाम मंदिर और मीठापुर में काठमांडू के पशुपति नाथ मंदिर की तर्ज पर पंडाल का निर्माण किया गया है। विभिन्न स्थानों पर रामलीला, गरबा और डांडिया महोत्सवों का भी आयोजन किया जा रहा है। पूरा माहौल श्रद्धा और उत्साह के रंग में सराबोर है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना सिटी स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीछ बड़ी पटनदेवी और छोटी पटनदेवी में माँ दुर्गा का दर्शन आ पूजन किया। श्री कुमार ने अगमकुआं स्थित शीतला माता मंदिर में भी पूरे विधि विधान के साथ पूजा–अर्चना की और राज्य में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

———————————————————————————

भागलपुर विश्वविद्यालय से जुड़े एबीवीपी के छात्र नेताओं ने आज राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां से पटना स्थित राजभवन में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय परिसर में मारपीट की घटना और अधिकारियों की मनमानी से राज्यपाल को अवगत कराया है।

---

उर्दू और हिन्दी के प्रसिद्ध साहित्यकार, विश्लेषक और कई पुरस्कारों से सम्मानित डॉक्टर कासिम कुर्शीद का आज पटना स्थित उनके पैतृक आवास पर निधन हो गया। उनके निधन पर अनेक गणमान्य लोगों ने शोक जताया है।

---

समाप्त